आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 23.06.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- सरकार ने जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों को प्रस्तावित त्रिस्तरीय ढांचे में शामिल करने की घोषणा की, शिक्षकों के विभिन्न लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए समिति गठित की जाएगी।
- कर्णप्रयाग विवाद मामले में उत्तराखंड पुलिस ने निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का आश्वासन दिया, दोनों मुकदमों की विवेचना हरिद्वार जिले को सौंपी गई।
- कुमाऊं में भूमि धोखाधड़ी के मामलों पर सख्ती, 77 मामलों की समीक्षा के बाद 30 मामलों में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश।
- देहरादून महायोजना–2041 पर प्राप्त सुझावों और आपत्तियों के निस्तारण के लिए छह जुलाई से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक

प्रदेशभर के जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों को शिक्षा विभाग के प्रस्तावित त्रिस्तरीय ढांचे में शामिल किया जाएगा। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना से वंचित शिक्षकों को लाभ देने तथा अशासकीय विद्यालयों में पीटीए शिक्षकों की मांग से संबंधित प्रस्ताव भी जल्द मंत्रिमंडल के समक्ष लाया जाएगा।

बैठक में डीएलएड प्रशिक्षित शिक्षा मित्रों को समान कार्य के लिए समान वेतनमान देने और अशासकीय विद्यालयों में मानदेय प्राप्त शिक्षकों को तदर्थ नियुक्ति प्रदान करने सहित अन्य विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। इन प्रकरणों के निस्तारण के लिए महानिदेशालय स्तर पर एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

कर्णप्रयाग प्रकरण

राज्य पुलिस ने कहा है कि पिछले दिनों कर्णप्रयाग में सिख श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच हुए विवाद के मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी तथा न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप ने पत्रकारों को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि हेमकुंट साहिब यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सम्मान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री स्वरूप ने कहा कि उत्तराखंड पुलिस सभी समुदायों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करती है और प्रत्येक मामले में कानून के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी तथा न्यायसंगत कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि थाना कर्णप्रयाग में दर्ज दोनों मुकदमों की निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र विवेचना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जांच चमोली जिले से स्थानांतरित कर हरिद्वार जिले को सौंपी गई है।

लैंड फ्रॉड कमेटी

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने काठगोदाम में लैंड फ्रॉड कमेटी की बैठक की। बैठक में भूमि धोखाधड़ी से जुड़े 77 मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। विभिन्न जिलों से प्राप्त मामलों की जांच के बाद कुमाऊं आयुक्त ने 30 मामलों में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि धोखाधड़ी से संबंधित मामलों की रिपोर्ट जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के माध्यम से समिति तक पहुंचती है, जिसके बाद प्रत्येक मामले की गंभीरता से समीक्षा की जाती है।

श्री रावत ने कहा कि यदि सुनियोजित तरीके से भूमि धोखाधड़ी के मामले सामने आते हैं, तो संबंधित लोगों के विरुद्ध संगठित अपराध के तहत भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

देहरादून महायोजना

एमडीडीए, देहरादून महायोजना–2041 पर प्राप्त आपत्तियों और सुझावों के निस्तारण के लिए छह जुलाई से 21 जुलाई तक विभिन्न स्थानों पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करेगा।

एमडीडीए ने सभी संबंधित नागरिकों से अपील की है कि वे अपने–अपने सेक्टर के लिए निर्धारित तिथि और स्थान पर उपस्थित होकर अपने सुझाव और आपत्तियां प्रस्तुत करें। प्राधिकरण का कहना है कि जनभागीदारी से देहरादून की भावी विकास योजना को अधिक प्रभावी, संतुलित और जनहितकारी बनाने में सहायता मिलेगी।

महायोजना–2041 देहरादून के सुनियोजित, संतुलित और सतत विकास की आधारशिला है। इसमें आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत, औद्योगिक, हरित क्षेत्र, परिवहन व्यवस्था तथा आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े विभिन्न प्रावधान शामिल किए गए हैं। जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को देहरादून के भावी विकास से

जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी राय रखने का अवसर मिलेगा। जनसुनवाई प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार महायोजना में संशोधन और परिमार्जन किया जाएगा।

जनता मिलन कार्यक्रम

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में कल कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 19 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया, जबकि शेष प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान पेयजल समस्या का मुद्दा उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण कर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, स्थायी समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार करने तथा अंतरिम व्यवस्था के तहत टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

लखनऊ के अलीगंज में ट्रेनिंग–कोचिंग सेंटर में आग से हुई जनहानि की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स–चित्र प्रकाशित किया है। इस खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है– लखनऊ में आग से 15 छात्रों की मौत।

नगरासू गुरूद्वारा प्रकरण में हिन्दुस्तान का शीर्षक है– निहंगों ने छत से किया पथराव, पुलिस ने एक दबोचा।

नीट री–एक्जाम पर नवोदय टाइम्स लिखता है– बिहार में 9 सॉल्वर पकड़े।

कतर में 12 भारतीयों की मौत– इस शीर्षके साथ दैनिक जागरण लिखता है कि एलएनजी प्लांट में मरम्मत के दौरान अचानक हुआ धमाका